तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 4 अगस्त 2024



12 फ्रेंडशिप डे : बुजुर्गों को याद आयी दोस्ती





14 मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा मुड़पार का प्राथमिक स्कूल, जर्जर भवन को ढहा ने की मांग







श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


# सांसद अनुराग ठाकुर के बयान का विरोध, जिला कांग्रेस ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसीवा

■ अमर्यादित बयान पर बिफरे कांग्रेसी

राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित बयान देने पर सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला दहन जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा भारत माता चौक पर किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण मालाकार ने बताया कि भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में जातिगत गणना की मांग पर लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के लिये अशोभनीय एवं अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया गया जो निंदनीय है। इसके विरोध में अनुराग ठाकुर का पुतला दहन किया गया।



इसमें विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण मालाकार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुरषोत्तम साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय दुबे, प्रदेश प्रतिनिधि सूरज तिवारी, नगर अध्यक्ष पवन अग्रवाल, नगर कार्यकारी अध्यक्ष राधे जायसवाल, कोसीर ब्लॉक प्रभारी विष्णु चंदा, विधायक प्रतिनिधि अजय बंजारे, नगर पालिका उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरिता गोपाल, जपं उपाध्यक्ष चंद्रकुमार


▶▶ शेष पेज 13 पर


## छत्तीसगढ़ में ट्रेन रद्द करने का विरोध

■ ब्लॉक कांग्रेस ने रेल मंत्री के नाम भाटापारा स्टेशन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



भाटापारा। आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस शहर के कार्यकर्ता भाटापारा रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नाम रेलवे प्रबंधक स्टेशन भाटापारा को ज्ञापन सौंपा। हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों को रद्द करने का सिलसिला चल रहा है। वर्तमान में 72 ट्रेनों को राजनांदगांव कलमना रेलखण्ड के मध्य तीसरी रेल लाइन जोड़ने के नाम पर रद्द कर दिया गया है,


▶▶ शेष पेज 13 पर


## खबर संक्षेप

### होटल में चोरों का धावा

भाटापारा। शहर में चोरों के हौसले बुलंद है, जहां आए दिन वे चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वहीं कानून, प्रशासन व पुलिस व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। यहां दो दिन पूर्व नगर के मध्य में रिलायंस के शो रूम का ताला टूटा। जानकारी के अनुसार मंडी गेट स्थित बंशी महराज नाम से होटल संचालित है, जहां छत के सहारे होटल में एंट्री किए। होटल संचालक लक्ष्मी नारायण शर्मा ने बताया कि इस घटना से लगभग 10 हजार के सामान का नुकसान हुआ है, जिसकी जानकारी शहर थाना को दे दी गई है व पुलिस जांच में जुटी है।

### 30 पौवा शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार



भाटापारा। शहर पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार है और उसके कब्जे से 30 पौवा शराब जब्त की है। पुलिस ने बताया कि नगर के धुरंधर वार्ड निवासी 22 वर्षीय नकुल द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। सूचना पर पुलिस ने रविवार को उसके घर की घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। जांच के दौरान 30 पौवा शराब मिली, जिसकी कीमत 3300 रुपए आंकी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

### भक्तों ने की पार्थिव शिवलिंग की पूजा

महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव में पवित्र सावन माह की शिवरात्रि महादेव की भक्तों ने घरों में पार्थिक शिवलिंग की विशेष पूजा अर्चना की। साथ ही विश्व कल्याण, परिवार में सुख-समृद्धि व शांति के लिए कामना की। यह जानकारी धर्मेंद्र यादव ने दी।

## चेतावनी : प्रशासन अलर्ट मोड पर, 48 घंटे की बारिश से लबालब हुआ गंगरेल

# गंगरेल से छोड़ा गया पानी, महानदी किनारे बसे गांवों को बाढ़ का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ में बीते दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के चलते जन जीवन अस्त- व्यस्त हो गया है। बलौदाबाजार जिले में पिछले 48 घंटों से लगातार बारिश जारी है, जिसके कारण जिले के नदी नाले उफान पर है। भारी बारिश के चलते जन जीवन प्रभावित हो गया है, कई गांव टापू में तब्दील हो गए है और उनका संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है।

### भारी बारिश के कारण महानदी उफान पर

लगातार हो रही बारिश के चलते नदी नाले उफान पर है। इसी बीच गंगरेल डैम से पानी छोड़ा गया है । बाढ़ के खतरे को देखते हुए बलौदाबाजार जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिले के कई गांव महानदी के किनारे बसा हुआ है, डैम से पानी छोड़े जाने की स्थिति में गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी अधिकारियों को फिल्ड में जाने और महानदी के किनारे में बसे गांवों में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए है।



### एसडीआरएफ एवं स्वास्थ्य टीम अलर्ट

पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ का खतरा बढ़ गया है, खतरे से निपटने के लिए एसडीआरएफ एवं स्वास्थ्य की टीम को पूरी तैयारी के साथ रहने के निर्देश दिए है। भारी बारिश के कारण महानदी उफान पर है, गंगरेल बांध से पानी छोड़ने के कारण नदी का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे तटीय इलाके के निचले गावों के प्रभावित होने की संभावना रहती है।

## रोहांसी सड़क के गड्ढे बने जानलेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड पलारी के महज 9 किलोमीटर दूर नगर पंचायत रोहासी की सड़कों की हालत खराब है। कई दो पहिया वाहन चालक गिरकर चोटील हो चुके हैं। सड़क में गड्ढा के अंदर एक और गड्ढा है, जिससे राहगीर अंजान रहते हैं। नगर पंचायत रोहांसी से धाराशिव, धमनी, खैरी, बांसबिनौरी, सलौनी, जोराडबरी, कैलाश गढ़ सहित लवन से खरतोरा होते रायपुर जाने वाले वाहनों को गड्ढों भरे इस सड़क मार्ग पर गुजरने के लिए मजबुरी है। इस पानी भरे गड्ढे को पाटने तत्काल कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो कोई भारी घटना घटने की संभावना है। वहीं छात्र – छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रामनारायण यादव ने बताया कि मैं इस गड्ढे में गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया था। राहगीरों ने मुझे अस्पताल पहुंचाया। आए दिन लोग इस मार्ग पर हादसे का शिकार हो रहे हैं।


▶▶ शेष पेज 13 पर


## बारिश से खेत खलिहान हुए लबालब...



पवनी। आधा सावन बीत जाने के बाद खेती किसानी के कार्य को पिछड़ता देख चिंतित किसानों को शुक्रवार रात व शनिवार दोपहर तक हुई बारिश से आंशिक राहत मिली है। बारिश के बाद किसानो के चेहरे खिल गये हैं व उम्मीद प्रकट की जा रही है कि खेती–किसानी के काम में अब तेजी आयेगी। अभी तक अनेक खेतों में रोपा व बियासी का कार्य नहीं हो पाया था, वह कार्य अब तेजी से आगे बढ़ेगा। शुक्रवार व रविवार की बारिश के बाद जहां एक ओर खेत खलिहानों को पानी नसीब हो गया है, वहीं नगर के अनेक इलाकों में जलं भराव से गंदगी पसर गई है। बाजार चौक से बिलाईगढ़ रोड में कीचड़ के कारण आवाजाही में तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर एक ओर शुक्रवार व शनिवार की बारिश ने किसानों के मुरझाये चेहरे को खिला दिया है।

## अधूरे निर्माण पर भड़के जनपद अध्यक्ष




पलारी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लच्छनपुर में जीवन दीप सामान्य सभा साधारण समिति की बैठक जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा ने सीजीएमएससी द्वारा बनने वाले कोवीड अस्पताल के अधुरे निर्माण पर नाराजगी जताई और कहा कि लोगों के स्वास्थ्य सुविधा पर कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने लोक हित मे व्यक्तिगत रुचि लेते हुए जल्द निर्माण कराने की बात कही। पश्चात अस्पताल रजिस्टर का अवलोकन करते हुए मरीजों के उचित इलाज पर संतुष्टी जताते हुए आगे भी सेवाभाव की तरह काम करने की


▶▶ शेष पेज 13 पर


## क्षेत्र में डायरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

डायरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत निकट ग्रामों में डायरिया से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया है। इसमें निकट ग्राम के स्कूलों में स्कूली बच्चों, समुदाय एवं महिलाओं को डायरिया से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के उपायों पर चर्चा की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों के अलावा संबंधित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय का विशेष सहयोग रहा तथा उन्होंने इसे एक सराहनीय कदम बताया तथा कहा कि बरसात के मौसम में इस प्रकार की


▶▶ शेष पेज 13 पर


### पानी को उबाल कर ही उपयोग करें

इसके अलावा उन्हें पंपलेट एवं चित्रत्मक पोस्टर के माध्यम से बचाव की जानकारी प्रदान की जा रही है। ग्राम कुठरोड़ एवं परसवानी के विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया, जिसमें स्थानीय उप स्वास्थ्य केंद्र के कार्यकर्ता ने डायरिया से बचाव हेतु जानकारी दी तथा हैंड वॉश के तरीकों पर चर्चा की। इसके अलावा बच्चों शिक्षकों एवं उपस्थित समुदाय से यह चर्चा की गई कि बरसात के दिनों में घरों के आसपास सफाई रखें तथा पानी को उबाल कर ही प्रयोग करें, जिससे बीमारियों से बचा जा सके। उपस्थित लोगों को ओआरएस का वितरण किया गया तथा स्कूल परिसर की सफाई हेतु फिनायल एवं बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए वाटर फिल्टर भी अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र द्वारा प्रदान किया गया।


पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468



ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY

In Collaboration with
RUSHFORD BUSINESS SCHOOL | INDIANA TECH | HENRY HARVIN | bSSBM



Admission open 2024-25

Apply Now

+91-91092-44444
+91-91093-33333

City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010

Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996

Industry Integrated with Assured Job / MBA in Banking & Finance

Advanced Specialization Programmes
- Artificial Intelligence (AI),
- Machine Learning (ML),
- Full Stack Development,
- Internet of Things (IoT),
- Cyber Security,
- UI/UX,
- Digital Marketing,
- Data Science,
- Business Analytics,

PHARMACY
D-Pharma I B-Pharma I M-Pharma I Ph.D
LAW
LLB I LLM I BBA-LLB I BA-LLB I Ph.D I
MANAGEMENT
BBA I MBA I EMBA I DBA I PGDBA I Ph.D I
BBA (Industry Integrated) I
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma I B.Sc (Hons) I M.Sc (Fashion, Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA I PGDCA I BCA I MCA I Ph.D I
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib I M.lib I Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma I B.Tech I M.Tech I Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc I B.Sc (Hons) I M.Sc I Ph.D
COMMERCE
B.Com I M.Com I Ph.D I
B.Com(Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma I BA (Hons) I MA I Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANITIES
BSW I MSW I BA I BA (Hons) I MA I Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma I BA (Hons) I B.Sc (Hons) I MA I Ph.D (Yoga/ Naturopathy)

## खबर संक्षेप



### विजय बक्षी सहकारी साख समिति के अध्यक्ष मनोनीत

**रायपुर।** एसबीआई कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित भोपाल वृत्त के पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ। जिसमें विजय बक्षी अध्यक्ष, प्रवीण मेघानी सचिव एवं पंकज ठाकुर व कमल जोशी उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए।साख समिति भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों हेतु सन 1977 से कार्यशील है। इसका कार्यक्षेत्र मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ का है। शनिवार को आंचलिक कार्यालय बैरन बाजार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है।


### पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती पर किया नमन



**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा शुक्रवार को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती मनाई गई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भवन में स्थापित पं. शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मरण एवं नमन किया। इसके पश्चात पं. शुक्ल की जीवनी एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव गौरव शुक्ल, अर्चना त्रिवेदी, प्रकाश अवस्थी, आरके दीक्षित, साजेंद्र पाण्डेय, देवेंद्र पाठक (गुड्डू), विजय शुक्ल, इंद्रकुमार तिवारी, शिरीष त्रिवेदी, विमल शुक्ल, समीर मिश्र, एसएस त्रिवेदी, रविंद्र शुक्ल, शशांक त्रिवेदी, शाहिबा खान आदि उपस्थित रहे।

### अब 16 अगस्त तक हो सकेगा फसल बीमा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ऋणी और अऋणी किसान अब 16 अगस्त तक खरीफ कृषि फसल एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे।



छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने फसल बीमा कराए जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाकर अब 16 अगस्त कर दिया है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों के बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य के ऋणी एवं अऋणी किसानों को मार्गदर्शन देने तथा उनका पंजीयन कराने को कहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके।

### बैज बोले- प्रदेश में उर्वरकों का संकट

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य में मानसून की भारी बारिश के बाद पूरे प्रदेश में रोपा, बियासी का काम जोरों पर है, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण किसान उर्वरकों के लिए परेशान हो रहे हैं। भाजपा का डीएनए किसान विरोधी है। वह जब-जब सरकार में रहती है किसान को परेशान करने की नीयत से फैसले लेती है। भारतीय जनता पार्टी सरकार की अकर्मण्यता और संवेदनहीनता के चलते छत्तीसगढ़ के किसान खाद और बीच के लिए भटक रहे हैं। खरीफ सीजन 2024-25 के लिए जो खाद और बीज डबल लॉक के गोदामों में रखे गए हैं, वहां से सिंगल लॉक की सोसाइटियों तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था नहीं है।

# अवधि पूरी नहीं और जीपीसी ट्रेकर कंपनी बिस्तर समेटने की तैयारी में, बौराए निजी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

- जिन कंपनियों को परिवहन विभाग लिस्टेड करती है, उनका ही ट्रेकर लगाना होता है अनिवार्य
- सरकार बदलने के साथ ही पुरानी कंपनियों को हटाने की तैयारी, कीमतों में भी वृद्धि




निजी स्कूलों द्वारा संचालित बसों तथा अन्य गाड़ियों में लगाए जाने वाले जीपीएस को लेकर संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। स्कूली बस में सवार छात्रों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से इन वाहनों में जीपीएस लगाया जाना अनिवार्य है।

स्कूलों द्वारा उन्हीं कंपनियों का जीपीएस अपने वाहनों पर लगाया जा सकता है, जिन्हें परिवहन विभाग द्वारा पंजीकृत किया गया हो। पूर्व सरकार के शासनकान में जिन कंपनियों को पंजीकृत किया गया था, स्कूलों द्वारा उनका जीपीएस अपने वाहनों में लगाया गया था, उनमें से कई अब अपनी बैंक गारंटी वापस लेकर व्यवसाय बंद करना चाहती है। इस स्थिति में प्रदेशभर के निजी विद्यालयों को फिर से अपने वाहनों में जीपीएस लगाना होगा। इसके कारण निजी विद्यालयों को आर्थिक नुकसान उठाना होगा। स्कूलों के मुताबिक, इस स्कूलों के बैंक गारंटी वापस लेने से और अपना व्यवसाय बंद करने से उस कंपनी का जीपीएस शून्य हो जायेगा और यह उस कंपनी द्वारा वाहन संचालकों के साथ धोखाधड़ी है। जीपीएस शून्य होने पर नई कंपनी का जीपीएस लगवाना पड़ेगा जो कि वाहन स्वामी पर अतरिक्त भार है। इसलिए निजी स्कूलों द्वारा मांग की गई है कि जो कंपनी जीपीएस का व्यवसाय नहीं करना चाहती उसकी बैंक गारंटी को रोकें तथा उसे किसी अन्य कंपनी में पोर्ट किया जाए, ताकि स्कूलों को नुकसान ना हो।

### सभी का था पंजीयन

निजी स्कूलों का कहना है कि उन्होंने अपने बसों एवं टैक्सी में जीपीएस लगाया गया है, चूंकि यह सारी कंपनी छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग से जीपीएस का व्यसाय करने के लिए पंजीकृत थी, इसलिए वाहन स्वामियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन पर भरोसा कर अपनी बसों पर यह जीपीएस लगवाया गया, लेकिन अब इनमें से कुछ कंपनी अपना व्यवसाय बंद करना चाहती है और छत्तीसगढ़ परिवहन से जो जमा की गई बैंक गारंटी है वह वापस लेना चाहती है।

### 5 वर्ष का अनुबंध

जीपीएस के लिए सामान्यतः पांच वर्षों का अनुबंध होता है। जो कंपनियां बंद होने वाली हैं, उनमें से किसी का एक वर्ष तो किसी के दो वर्ष ही सेवा के पूर्ण हुए हैं। ऐसे में शेष वर्षों का नुकसान भी उठाना होगा। सूत्रों के अनुसार, कई कंपनियों के पंजीकृत होने के कारण पांच वर्ष के जीपीएस की लागत 6 से 7 हजार रूपए ही आती है। लेकिन अन्य कंपनियों के बंद होने तथा एक-दो के हाथ में ही संचालन देने से प्रतियोगिता कम हो जाएगी और 13 से 14 हजार तक का भुगतान निजी स्कूलों को करना होगा।

## बचपन के मेल मिलाप को किया याद, कहा-जिंदगी जीने का नाम है दोस्ती

# फ्रेंडशिप डे : बुजुर्गों को याद आयी दोस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



दुनिया के तमाम रिश्तों में सबसे खुशनुमा सबसे निराला रिश्ता दोस्ती का होता है। रिश्ता यूं तो इंसान के जन्म के साथ ही उसके पीछे सभी रिश्ते भी जन्म लेते हैं, मगर दोस्ती का रिश्ता इंसान खुद कायम करता है। अपने हमउम्र वाले व्यक्ति से और यह रिश्ता विश्वास खुशियों और मस्ती से लबरेज होता है। इस रिश्ते में मिठास कि वह महम भरी होती है, जिसके बाकी रिश्तों की चमक भी कभी कभार फिकी दिखाई देती है। यह रिश्ता है ही ऐसा जो हर पल खुशियां और मस्ती बिखेरता रहता है। इस रिश्ते में एक अच्छा मित्र दूसरे अच्छे मित्र से यही अपेक्षा रखता है कि वह ताउम्र उसके साथ रहें, जीवन में आने वाले कठिनाई में उसका सहारा बने किन्तु बहुत कम लोगों में दोस्ती का रिश्ता लम्बी उम्र तक कायम रह पाता है, लेकिन ऐसी ही दोस्ती की एक मिसाल है अफरोज, लता, अरुणा और सुमन जिनकी दोस्ती मानों बचपन से ही पक्की हो गई हो। जिन चार सहेलियों का नाता जुड़ा बलौदाबाजार में उन दोस्ती के रिश्तों की चर्चा आज भी बरकरार है। रिश्तों के इस बाजार में बचपन बीता चारों की मासमियत भरी शरारत में जवानी बीती अपनों संग अपनों को करीब लाने में लेकिन उम्र के इस पड़ाव में भी चारों में दोस्ती के मायने वहीं है, दोपहरे दावतें वहीं है, शामें शरारतें वही है, चारों की दोस्ती के नाम मानों गुजरता हुआ पल भी थमा वहीं है। जिस जिंदादिली अंदाज में चारों की दोस्ती थी। जवानी में वहीं जिंदादिली अंदाज आज भी कायम है। पचपन पार इस कानी में वहीं पुराना अंदाज वहीं पुरानी हंसी ठिठोली वहीं एक दूसरे का पक्का साथ सब कुछ पहले जैसा ही है। वक्त और हालात के बदलते पैमाने भी इनकी दोस्ती में कभी रुकावट पैदा न कर सकी सही मायनों में फ्रेंडशिप यही है फ्रेंडशिप–डे यानी इस दिन एक दोस्त दूसरे दोस्त को यह अहसास कराता है कि वह उसके जीवन में कितना खास है उसकी तकलिफों को दूर कर उसके चेहरे की खोई हुई मुस्कान वापस लाने की कोशिश करता है और यही सब इन चारों सहेलियों के बीच देखने को मिलता है चारों की दोस्ती आपस में जीवन जीने की ज्योत जगाती है।

### दोस्ती को भी बखूबी समय देते हैं

किन्हीं बातों से हतास परेशान न हों कर उम्मीदों के पूल बांधती है। आज के व्यस्ततम समय में भी घर परिवार के साथ–साथ अपनी दोस्ती को भी बखूबी समय देती है चाहें वह किसी दिन एक साथ बैठ गप्पे लड़ाना हो, बाहर खाने जाना हो, साथ ही हर साल शहर से दूर कही सैर सपाटे पे जाना हो ये चीजें आज भी इनके साल भर के रुटिन में बरकरार है। ये एक्टीविटी आज से नहीं दोस्ती के शुरुवाती दौर से चली आ रही है जो 60 बरस पार लोगों के लिए एक किस्सा है, चूंकि यह दोस्ती है ही कमाल की जो आज के जनरेशन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है लेकिन अपनी पुरी मान मर्यादा के दायरे में तकदीर ने मानों इनकी झोली में उम्र के हर पड़ाव में भी मिलते रहने की भेंट दी है, तभी तो आज भी जब ये आपस में बैठती है तो अपनी उम्र भूलकर बातों की बुआई के साथ हंसी की हैट्रिक लग रही होती है। ऐसी दोस्ती के नाम यही दुआ है कि इसका आने वाला हर क्षण चारों के साथ यादगार बना रहें।

# तेलीबांधा शूटआउट मामले में पुलिस ने की आठवीं गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- आरोपी को पुलिस हरियाणा सिरसा से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लेकर आई
- गिरफ्तार आरोपी पर शूट करने पिस्टल उपलब्ध कराने का आरोप

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पिछले माह हुए कारोबारी ग्रुप के कार्यालय के बाहर कार में फायरिंग मामले में पुलिस घटना में शामिल आठवें आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल करा दिया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ पुलिस ने हत्या की कोशिश तथा आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शूट आउट मामले में हरियाणा, सिरसा निवासी जसवंत सिंह उर्फ बग्गू को गिरफ्तार किया गया है। जसवंत पर आरोप है कि उसने शूट आउट की घटना में शामिल बदमाशों को पिस्टल उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल पिस्टल जब्त की है। गौरतलब है कि शूट आउट मामले में शामिल एक अन्य बदमाश विक्रम को झारखंड पुलिस ने अपने यहां के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस विक्रम से पूछताछ करने प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर लाने की बात कह रही है।विक्रम का अब तक पुलिस ने प्रोटेक्शन वारंट हासिल नहीं किया है। विक्रम को लेकर रायपुर पुलिस झारखंड पुलिस के संपर्क में है। साथ ही उसके अपराध के बारे में झारखंड पुलिस से जानकारी हासिल कर रही है।

# पात्र महिलाओं को जुलाई माह की नहीं मिली महतारी वंदन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



- पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने लगाये राज्य सरकार पर आरोप

विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने वादा किया था कि सभी विवाहित महिलाओं को सरकार आने पर प्रति माह एक हजार रुपया दिया जायेगा तथा इस योजना का लाभ मुख्यमंत्री और कलेक्टर की पत्नी को भी मिलेगा, किंतु भाजपा की सरकार आने पर प्रदेश की सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री और कलेक्टर की पत्नी के साथ साथ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार जो पूरी तरह पात्र है, उन्हें भी राशि देने की बात से सरकार मुकर गई है।प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि भाजपा अपनी कथनी के अनुसार कार्य नहीं कर रही है। महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की सभी महिलाओं को नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना में पात्र बताया था, उन सभी महिलाओं के बैंक खातों में पैसा नहीं जा रहा है। सरकार इसमें से मात्र 30 प्रतिशत महिलाओं के ख़ातों में पैसा डाल कर वाहवाही लूटने में लगी हुई है। जुलाई में सभी पात्र महिलाओं को राशि नहीं मिली है, क्योंकि सरकार के अफसर शाही लोग बड़ी संख्या में पात्र महिलाओं को लोक सभा चुनाव के बाद अपात्र घोषित कर उनके खातों में पैसा भेजना बंद कर दिया है।

श्री शर्मा ने कहा कि जिन महिलाओं के बैंक खातों में चार महीने लगातार महतारी वंदन योजना का पैसा आया हो ऐसे लाखों महिलाओं का नाम पात्र लाभार्थी की सूची से हटा कर अचानक आपात्र महिला बता कर बड़ी संख्या में महिलाओं को राशि देना बंद कर दिया है। सरकार बताये कि लगातार चार किश्त जिस महिला को बैंक खाते में राशि मिली हो ओ महिला पाचवीं लिस्ट में अपात्र कैसे हो गई। यदि अपात्र पहले से थी तो फिर तीन चार महीने तक राशि कैसे मिली। सरकार प्रदेश की महिलाओं को जवाब दे कि महतारी वंदन योजना की राशि किन किन महिलाओं के खाते में डाली गई है।

जिन जिन पात्र लाभार्थी महिलाओं के खातों में चौथी और पांचवी किश्त की राशि डाली गई है उन सभी महिलाओं का नाम और जिन्हें अपात्र घोषित किया गया है उन सभी महिलाओं का नाम सार्वजनिक करें, जिससे सरकार की नियत का पता जनता जनार्दन को चल सके। भाजपा के चुनावी वादों के अनुसार एक करोड़ चार लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना चाहिये।

# प्रबंधक ने दी बैंक योजनाओं की जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

यूको बैंक कसडोल के प्रबंधक रोहित कुमार बंजारे सहित स्टॉफ के सहयोग से बैंक के खातेधारी पेंशनरों की बैठक आयोजित कर बैंक की नवीन स्किमों से अवगत कराया गया। उन्होंने किसी भी प्रकार की बैंकिंग कार्य में असुविधा होने पर स्वयं मुझसे सीधे मिलने कहा। इस बैंक की स्थापना देश में पहली बार सन 1943 में होने एवं कसडोल में 10.6.1978 को ब्रांच खुलने की जानकारी देते हुये लगभग 500 पेंशनरों को सुलभ सेवा देने की जानकारी दी। जनपद सदस्य रामगोपाल साहू जो कि बैंक के सबसे बड़े कारोबारी हैं पेंशनरों को अपनी शुभकामनाएं दी। स्टाफ के अन्य अधिकारियों ने कैशलैश प्रणाली को अधिक से अधिक अपनाते हुये अपने अपने दायित्वों से अवगत कराये एवं हर संभव सुलभ सेवा निरंतर देते रहने आश्वस्त किये। पेंशनर संघ के अध्यक्ष आत्माराम साहू ने अन्य बैंकों की तुलना में यूको बैंक की गतिविधि का प्रशंसा की। गजाधर साहू ने पेंशनरों के लेने देन को प्राथमिकता देते रहने अनुरोध किया। बैंक स्टाफ द्वारा बैठक में शामिल हुये सभी पेंशनरों का सम्मान किया गया। मौके पर शिवचरण साय, पी के घृतलहरे, पी एल टंडन, उमेंदराम साहू, रामेश्वर साहू, पुनीराम साहू, भागवत साहू, गुहाराम घृतलहरे, दीवाकर गावंडे, गंगाराम साहू, दशरथ साहू, शत्रुघन साहू, देवचरण साहू, उपमन्यू वर्मा, सी आर साहू, तिरथ साहू, सामरथ साह, कपूर साहू, छोटे लाल साहू, दुखुराम साहू, श्यामलाल साहू, सुन्दर ध्रुव आदि शामिल रहे।

# लावारिस शव का किन्नर बने सहारा, किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





अज्ञात एवं लावारिस शवों को मुक्ति दिलाने के लिए अब किन्नर सहारा बन रहे हैं। सेवा समिति सुराज जनकल्याण सोसाइटी से जुड़े किन्नरों ने शुक्रवार को लावारिस महिला के शव को मुखाग्नि देकर उसका अंतिम संस्कार किया।

शव का अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में पुलिस की मौजूदगी में किया गया। बताया गया कि शव एक बुजुर्ग महिला अहिल्या बाई भारती का था, जिसका पिछले कई दिनों से आंबेडकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। महिला का कोई परिजन या रिश्तेदार सामने नहीं आया, इसलिए मृत्यु के बाद शव को मरच्यूरी में रखा गया था। दो दिन तक मरच्यूरी में रखने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### पुलिस से मिली समिति को सूचना

वृद्धा का शव मरच्यूरी में पिछले दो दिन से पड़ा हुआ था। सिविल लाइंस पुलिस ने इसकी सूचना सुराज समिति को दी, जिसके बाद समिति से जुड़े करीब 7-8 किन्नरों ने मिलकर शव का अंतिम संस्कार किया। समिति के अध्यक्ष प्रीतम सभापति महानंद ने बताया कि समिति का गठन समाज की सेवा के रूप में किया गया है। समिति में पदाधिकारी, कार्यकारिणी सहित 50 सदस्य हैं। इसमें ज्यादातर किन्नर हैं। समिति अज्ञात एवं लावारिस शव से लेकर जानवरों तक का अंतिम संस्कार कर चुकी है। कोविडकाल से लेकर समिति 9 अज्ञात व लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी है। यह 10वां अंतिम संस्कार है।

### खुद के खर्च पर अंतिम संस्कार

समिति के कार्यकारिणी सदस्य सूरज यादव ने बताया कि ऐसे शवों का पुलिस की मौजूदगी में ही अंतिम संस्कार किया जाता है। इस दौरान जो भी खर्च होता है, वह समिति वहन करती है। इसके लिए समिति के सदस्यों के अलावा कई दानदाता भी आगे आते हैं, जो अंतिम संस्कार में खर्च होने वाली राशि में भागीदारी निभाकर पुण्य कमाते हैं।

### बेघर परिवारों को आवास दिलाने का भी प्रयास

समिति के लोगों ने बताया कि समिति बेघर गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने का भी प्रयास करती है। इसके तहत अब तक दो परिवारों को आवास योजना अंतर्गत फ्लैट दिलाया गया है। उनका कहना है कि समिति का मुख्य उद्देश्य बेसहारा व लावारिस लोगों की मदद करना है, चाहे वह जीवित हो या मृत्यु हो चुकी हो।

# देश के 60 अस्पतालों में सरकारी कर्मचारी करा सकेंगे इलाज

- फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारी अब देश के नामी 60 अस्पतालों में अपना और अपने परिवार का इलाज करा सकेंगे। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के इलाज के लिए राज्य के बाहर के अस्पतालों की लिस्ट जारी की है।

बताया गया है कि पहली बार राज्य के बाहर के इतनी ज्यादा संख्या में अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा इसे लेकर काफी दिनों से प्रयासरत थे। राज्य सरकार ने जो सूची जारी की है, उसमें 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक इन अस्पतालों में इलाज कराने की मान्यता राज्य सरकार की तरफ से दी गयी है।

### गंगाराम दिल्ली, वेल्लोर, मेदांता, मैक्स अस्पताल शामिल




स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कर्मचारियों और उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार के लिए राज्य के बाहर के कुल 60 अस्पतालों की लिस्ट जारी की है। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल, सीएमसी वेल्लोर सहित मेदांता, मैक्स जैसे बड़े अस्पतालों के भी नाम सूची में हैं। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने 20 मई को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखा था। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए लिखा था कि मान्यता प्राप्त अस्पतालों की जो पिछली सूची 7 मार्च 2024 को जारी की गयी थी, उसमें 103 प्राइवेट अस्पताल में से बाहर के अस्पतालों की संख्या सिर्फ तीन थी। कमल वर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में कहा था कि राज्य के बाहर के अस्पतालों को मान्यता नहीं दिये जाने से बाहर के अस्पतालों में इलाजरत कर्मचारियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कमल वर्मा की तरफ से सर गंगाराम अस्पताल,मेदांता, जसलोक, सीएमसी वेल्लोर, शंकर नेत्रालय, अपोलो चेन्नई, एस्कार्ट्स, लीलावती, बांबे हास्पीटल, नानावटी जैसे अस्पतालों की सूची भी दी थी।

# पूर्व विधायक के निधन की सूचना विधानसभा को नहीं, अब कलेक्टरों को सरकार ने चेताया

- सामान्य प्रशासन ने कलेक्टरों को भेजा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाल में हुए विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान एक पूर्व विधायक की मृत्यु की जानकारी समय पर विधानसभा सचिवालय को नहीं दी गई थी। इस मामले में विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नाराजगी दिखाई थी।

इस मामले को लेकर अब राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिया है कि भविष्य में राज्य के पूर्व, वर्तमान सांसदों तथा विधायकों एवं अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित भूतपूर्व सदस्यों के निधन होने की स्थिति में उसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र पर उनसे जीवन परिचय सहित अविलंब पत्र, फैक्स एवं दूरभाष के माध्यम से यथास्थिति लोक सभा, राज्य सभा, विधानसभा सचिवालय को भेजी जाये तथा उसकी प्रतिलिपि सामान्य प्रशासन विभाग को भी अनिवार्य रूप से भेजी जाए।

### कहा- कलेक्टर कार्यालय नहीं रखते हैं ध्यान

#### याद दिलाया 20 साल पुराना निर्देश




सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी कलेक्टरों को याद दिलाया है कि अब से पहले 2005 से लेकर 2017 तक सात बार ये निर्देश जारी किए गए हैं कि लोकसभा, राज्यसभा के सदस्यों, विधायकों पूर्व एव वर्तमान के निधन की सूचना बिना देर किए विधानसभा सचिवालय को दी जानी है। इसी क्रम में एक और ताजा निर्देश भी जारी किया गया है।

### भविष्य में न हो देर

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अभी हाल ही में विषयांन्तर्गत सूचनायें कतिपय जिलों से समय पर विधान सभा सचिवालय को प्राप्त नहीं हुई है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस हेतु कहीं-कहीं प्रभावी व्यवस्था का अभाव है, यह स्थिति उचित नहीं है। इसलिए भविष्य में इस प्रकार की सूचना दिये जाने में विलंब न हो। साथ ही यह भी देखा गया है कि उपरोक्त सूचना दिये जाने के संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रेषण प्रणाली का ध्यान नहीं रखा जाता है। इस प्रकार की त्रुटियों होने से निधन संबंधी सूचना, जानकारी निर्धारित समयावधि में गंतव्य कार्यालयों को ना मिल पाने से गरिमामयी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

## खबर संक्षेप

### शराब की बात को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बंसुला में मेन चौक स्थित पान ठेला के सामने युवक के साथ मारपीट की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, ग्राम बंसुला निवासी लव कुमार साव 2 अगस्त को रात को खाना खाने के बाद नरोत्तम पान ठेला गया था। तभी रात करीब 8 बजे मुकेश साव एवं चंद्रकांत साव ने लव कुमार से कहा कि मैं शराब पीता हूं यह बात मेरे पिताजी को क्यों बताया, कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए को हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन पर गिरा दिया, जिसके बाद दोनों आरोपी प्रार्थी को मारन लगे। जिससे उसके बाएं पैर में चोंटे आई है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी मुकेश साव और चंद्रकांत साव के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### 40 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने 2 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर ग्राम छिर्राचुआं में एक आरोपी से करीब 40 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि भंवरपुर मोड़ एनएच 53 के पास मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम छिर्राचुआं रोड कांटा तालाब किनारे एक व्यक्ति हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर मुखबिर के बताए हुलिया अनुसार उस व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। जिसका नाम शिव कुमार साव पिता सुदर्शन साव (32 साल) छिर्राचुंआ का निवासी बताया गया है।

### शिशु संस्कार केंद्र में मनाया गया हरेली पर्व

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र में प्रायमरी के बच्चों द्वारा बेगलेस डे पर हरेली पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। मनोहर महांती के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, उमा समद्दर, किरण निषाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कृषि औजारी की पूजा अर्चना की एवं चिला, गुलगुला का भोग लगाकर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रायमरी के बच्चों ने गेड़ी, फुगड़ी, बिल्लस, भौरा के खेल का आनंद लिया। छत्तीसगढ़ी गीत व नृत्य प्रस्तुत किए।

### नीम पत्ती लगाकर और चौखट में कील ठोंककर लोहर देंगे आशीष

# ग्रामीण अंचल में हरेली की धूम

हरिभूमि न्यूज : बलौदबाजार





सावन माह के अमावस्या को मनाए जाने वाला हरेली पर्व क्षेत्र में आज उल्लास से मनाया जाएगा। किसान हरेली पर्व परंपरागत तरीके से मनाने हैं। वे कृषि उपकरणों की पूजा कर अच्छी पैदावार के लिए प्रार्थना करेंगे। वहीं बच्चे भी आज से गेड़ी का आनंद लेंगे।

हरेली अमावस्या अर्थात श्रावण कृष्ण पक्ष अमावस्या को किसान अपनी खेत एवं फसल की पूजा करते हैं, ताकि फसल किसी भी प्रकार की बीमारी से ग्रसित न हो। पूजा में भिलवा पत्ते की टहनियां तथा दशमूल को खड़ी फसल में लगाकर पूजा की जाएगी। माना जाता है कि इससे कई प्रकार की हानिकारक कीट पतंगों एवं फसल में होने वाले बिमारियों से रक्षा होती है।

अंचल में हरेली त्यौहार को पारम्परिक एवं लोक पर्व माना जाता है। प्राचीन मान्यता के अनुसार सुरक्षा के लिए घरों के बाहर नीम की पत्तियां लगाई जाती हैं। इस दिन धरती माता की पूजा कर हम भरण पोषण के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। पारंपरिक तरीके से लोग गेड़ी चढ़कर हरेली की खुशियां मनाते हैं। छत्तीसगढ़ में हरेली त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। हरेली त्यौहार के दिन किसान अपनी खेती बाड़ी में काम आने वाली सभी औजार हल, फावड़ा, कुदाली और आधुनिक यंत्र जैसे ट्रैक्टर की पूजा की जाती है। बस्तर में यही त्यौहार अमूस तिहार के नाम से मनाया जाता है। हरेली उत्सव छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उत्सवों में से एक है। यह छत्तीसगढ़ का एक पुराना पारंपरिक त्योहार है जो हिन्दुओं के पवित्र महीने श्रावण व शुरुआत का प्रतीक है। हरेली त्योहार वास्तव में वर्ष के मॉनसून आधारित फसल का त्योहार है। हरेली अमावस्या को कोई भी किसान अपने खेतों में कार्य नहीं करते हैं इस दिन खेती कार्य करना वर्जित है। हरेली त्यौहार को गेड़ी चढ़ने का त्योहार भी कहा जाता है क्योंकि इस दिन लोग बांस की लकड़ी से गेड़ी बनाकर गेड़ी चढ़ते हैं, गेड़ी चढ़ने का आनंद ही अलग है लोग इस दिन गेड़ी चढ़कर आनंद उत्सव मनाते हैं।

#### नारियल फेक प्रतियोगिता होगी

हरेली में गांव व शहरों में नारियल फेंक प्रतियोगिता होगी। सुबह पूजा–अर्चना के बाद गांव के चौक–चौराहों पर युवाओं की नारियल फेंक प्रतियोगिता होगी। नारियल हारने और जीतने का यह सिलसिला देर रात तक चलेगा। इसी तरह नारियल जीत की धूम शहरों में रहेगी। हरेली के दिन गांव–गांव में लोहारों की पूछपरख बढ़ जाती है। इस दिन लोहार हर घर के मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर और चौखट में कील ठोंककर आशीष देते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उस घर में रहने वालों की अनिष्ट से रक्षा होती है। इसके बदले में किसान उन्हे दान स्वरूप स्वेच्छा से दाल, चावल, सब्जी और नगद राशि देते हैं।

## हरेली पर अंचल में आज होगी कृषि उपकरणों की पूजा

**खरोरा।** अंचल में रविवार को हरियाली धूमधाम से मनाई जाएगी। छत्तीसगढ़ के किसानों का यह प्रथम त्यौहार है। इस दिन ग्रामीण अपने देवी–देवताओं के साथ–साथ कृषि उपकरणों की पूजा करेंगे। पं. सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरियाली अमावस्या 4 अगस्त रविवार को मनाया जायेगा। इस वर्ष बरसात अच्छी होने से चारों तरफ सुंदर हरियाली का आलम है। हरियाली पर्व मुख्य रूप से पर्यावरण में हरीतिमा आने से हमें महसूस होता है, कि यह धराधाम हरि रंग की साड़ी धारण कर ली है। इस समय किसान बियासी और रोपाई कार्य पूर्ण होने से अपने कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं। बैल और गौ माता को स्नान कराकर गेहूं आटा की लोई और नमक को खम्हार पत्ते में पोटली बांधकर खिलाते हैं। ग्राम के देवी देवताओं से प्रार्थना करते हैं हमारा पशुधन को स्वस्थ रखेंगे। जंगल में मिलने वाली दशमूडकांदा को ग्वाले यादव लोग पका कर अपने मालिक ठाकुर लोगों को खिलते हैं, ताकि हमारे मालिक लोग बरसात की कीटाणु में बचकर स्वस्थ रहें। नीम की डाली घर–घर दरवाजे में लगाकर किट मच्छरों को भगाते हैं। लोहार लोग घर–घर जाकर दरवाजे में लोहे की कील ठोकते हैं। उनका भाव यही रहता है, कि हमारे मालिक लोग अपना प्रेम अच्छा व्यवहार एक वर्ष के लिए दृढ़ रखें। हम प्रेम की खूंटी गढा रहे हैं। बच्चे बांस को काटकर गेंडी बनायेंगे। नारियल रस्सी में बांधकर उसे मजबूत करेंगे गेड़ी से दौड़ का आनंद लेंगे। किसानों के घर चिला, फरा, खुरमी, ठेठरी, चौसेला पकवान बनेगा। खेत में अन्नपूर्णा की पूजा की जाएगी। महिलाएं और बच्चे शाम को मटकी फोड़, दही लूट, खुडवा का आनंद लेंगे। पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रत्येक त्यौहार को देवी देवताओं से जोड़कर आध्यात्मिकता का माहौल स्थापित करते हैं। इसीलिए हमारे देश को भारत माता कहा जाता है।



■ बैलों को खिलाया जाएगा खम्हार पत्ता और आटे की लोई

### प्राथमिक स्कूल में मना हरेली तिहार



खरोरा। शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में बैगलेस डे सुरक्षित शनिवार के तहत छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्यौहार हरेली धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शाला के बागवानी एवं बाड़ी में उपयोग होने वाले कुदारी, रापा, टंगिया, हंसिया, कटर गेड़ी को साफ–सफाई कर पूजा स्थल में प्रतिस्थापित कर तथा छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र प्रतिस्थापित कर पूजन किया। छत्तीसगढ़ महतारी एवं कृषि औजारों में चीला, गुलगुला, भजिया का भोग लगाकर पूजन किया गया। हरेली तिहार के अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, रसोईया एवं सफाई कर्मचारियों की विशेष सहभागिता रही।

### हरेली पर सावन झूला झूलने तैयारी

**पवनी।** हरेली पर्व को लेकर बाजार में शाम को अच्छी–खासी चहल पहल रही। अन्य दिनों की तुलना में बाजार में तेल व गुड़ की बिक्री जमकर हुई, क्योंकि नगर के अलावा गांवों में घर–घर हरेली त्यौहार के अवसर पर कृषि औजारों नांगर, कुढ़ारी, रांपा, गैती, हंसिया, टंगिया, बसुला, सब्बल, ट्रैक्टर, राप्टर, खप्पर सहित विभिन्न कृषि उपकरणों की साफ सफाई के उपरांत पूजा अर्चना विधि विधान से की जाएगा। वहीं प्रत्येक घर में प्रायः नारियल गुड़ के साथ चीला व पूरी, नमकीन, भजिया व मीठा भजिया सहित अन्य पकवान का निर्माण कर भोग लगाया जाएगा। हरियाली त्यौहार पर कषक अपनी खेतों में काम बंद रखते हैं। वहीं गांव में बड़ी संख्या में युवा बांस की गेड़ी बनाकर गेड़ी से चलते हैं, जो एक प्रकार का खेल है। वहीं गांव-गांव में नारियल फेक, बिल्लस, फुगडी, खो–खो एवं सावन झूला झूलने के लिये बड़े पैमाने तैयारी जारी है।

## खतरे में पारंपरिक कृषि यंत्रों का व्यवसाय

**पवनी।** हरेली पर्व पर पूजे जाने वाले कृषि यंत्रों पर आधुनिकता की मार छाई है। जीवन में अनेक ऐसी चीजें हैं, जो अब धीरे–धीरे विलुप्त होती जा रही है। जिसकी वजह कारीगरों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। जो कभी इन्हीं कृषि यंत्रों को बनाकर अपना परिवार चलाने वाले गिनती के कारीगर बचे हैं। आधुनिक युग में अब वह चीजें नए स्वरूप में बिकने लगी हैं। परंपरागत रूप से हाथों से चलाए जाने वाले कृषि उपकरणों की जगह अब डीजल–पेट्रोल से चलने वाली मशीनों ने ले लिया है। लोहे को पीटकर तराश कर कृषि यंत्रों का रूप देने वाली मेहनतकश लोहार जाति समय के साथ अपने परंपरागत कौशल एवं व्यवसाय से दूर होती जा रही है। इनके पास तकनीकी डिग्री नहीं होती, किंतु उनके द्वारा बनाए गए लोहे के औजार आज भी आधुनिक मशीनों से बने औजारों की तुलना में ज्यादा मजबूत और उपयोगी होते हैं। कोयले और भट्टी की मदद से लोहे को सुंदर आकार देकर इनके द्वारा बनाई गए कृषि औजार फरसा, हंसिया, सब्बल, बसूला, छीनी, रापा, गैती, बैलगाड़ी पर लगने वाली रिंग जैसे अनेक कृषि उपयोग में आने वाले यंत्रें का आज भी कोई मेल नहीं। किंतु इन औजार को खरीदने वाले लोगों की संख्या निरंतर घट रही है। पहले जहां ग्रामीण कृषि यंत्रों के लिए इन परंपरागत लोहार जाति पर निर्भर थे, आज कंपनियों के बनने वाले बढ़ती जा रही औजार और बाजार पर निर्भरता किसान बताते कहते हैं कि कृषि यंत्र आजकल बाजार में सस्ते दामों परअनेक डिजाइन पर मिल जाते हैं और यह आकर्षक भी दिखते हैं। सीमित साधनों के कारण लोहारों द्वारा बनाए गए औजार मजबूत और टिकाऊ तो होते हैं, किंतु कम मात्र में बनाए जाने की वजह से इनकी लागत अधिक होती है। यही कारण है कि अब लोहार समाज की धीरे इस व्यवसाय से किनारा कर रहा है। पहले जहां हर ग्राम में लोहार जाति इस व्यवसाय से जुड़ा था वहीं आज इक्का–दुक्का गांवों में लोहारी काम करने वाला लोहार समाज बचे हैं। इनकी आगे की पीढ़ी लोहारी काम नहीं करना चाहती। क्योंकि इसमें मेहनत बहुत है, और आमदनी नहीं के बराबर हो रही है। यदि यही हाल रहा तो लोहार समाज अपने हुनर से दूर हो जाएगा।रामप्रसाद ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में अपनी कृषि यंत्रों की दुकान लगाते हैं।

बताते हैं कि कृषि यंत्र बनाने का कौशल उन्हें पुरखों से मिला है। आज भी वे कृषि कार्य में उपयोग होने वाले कृषि यंत्र से लेकर घर में उपयोग होने वाले छुरी, चाकू, हसिया सब कुछ बनाते हैं। किंतु इसमें अधिक लागत आती है आज से 10 से 15 वर्ष पहले जो हंसिआ 40 से 50 रुपए में बेचा करते थे आज वह 80 में बेच रहे हैं। जबकि घर पर एक हंसिया का निर्माण करने के लिए 50 रुपए का खर्च आता है, जबकि बाजार में इससे सस्ते दर पर आसानी से मिल जाती हैं। हालांकि बाजार में मिलने वाली हसिया फसल कटाई के लिए अधिक उपयोगी नहीं होती, किंतु सस्ते दामों में आकर्षक दिखने के कारण किसान भी अब बाजार की ओर रुख कर लिया है।

■ कारिगरों का इसके भरोसे जीवन यापन करना हुआ मुश्किल



## प्राथमिक स्कूल में मनाया गया मित्रता दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शासकीय प्राथमिक शाला हरिनभट्ठा में बैगलेस–डे के अवसर मित्रता दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर दोस्ती और एकता का जश्न मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रांगण में प्रार्थना सभा से हुई, जहां प्रधानपाठक परमानंद साहू ने मित्रता के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों को दोस्ती के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मित्रता हमारे जीवन का अनमोल हिस्सा है और हमें अपने दोस्तों के प्रति सच्ची मित्रता और सहयोग की भावना रखनी चाहिए। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें दोस्ती पर आधारित नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए। बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया और दोस्ती के प्रति उनका प्रेम झलकता हुआ दिखाई दिया। बच्चों ने एक–दूसरे को मित्रता बैंड बांधकर अपनी मित्रता को और भी मजबूत किया। इस गतिविधि ने बच्चों को एक दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर, प्रधानपाठक ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों में दोस्ती और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय में इस तरह के इस अवसर पर शाला के शिक्षक लखन लाल वर्मा, सुरेश कुमार शाकार, अश्वनी मिरी, हीरा बघेल, कारो महिलांग उपस्थित रहे।

## मेगा पालक बैठक के लिए प्रधानपाठकों को सौंपा गया दायित्व



**पलारी।** बलौदी हायर सेकंडरी स्कूल में आगामी दिनों में मेगा पालक बैठक के पूर्व तैयारी के लिए मेगा बैठक आयोजित की गई। बैठक 11 शालाओं के प्रधानपाठकों एवं संकुल प्राचार्य डी.के साहू व संकुल समन्वयक एमआर वर्मा व्दारा सयुंक्त रूप से बैठक ली गई, जिसमे अलग-अलग शिक्षकों को विषयगत संबोधन करने के लिए नियुक्त किया गया। इसमें पवन कुमार ढीढी प्रधानपाठक लकड़िया को बच्चा बोलेगा बेझिझक, कुसुम ढीढी भाठापारा बलौदी प्रधानपाठक को बच्चा आज क्या सीखे, इंदेश्वरी बंजारे को मेरा कोना, आशा देवांगन नया शिक्षा नीति, दयाराम ध्रुव कार्यवाही पंजी संधारण, कमलनारायण कुर्रे व्याख्याता को शासकीय योजना, रामबिलास पटेल छात्र दिनचर्या, रजनी साहू ई जादुई पिटारा, मोहित राम वर्मा डिजिटल प्लेटफार्म विषय पर बोलने का दायित्व दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से शांति बंजारे, देवानंद पटेल, शैलेन्द देवांगन, दीपिका तिर्की, प्रभा देवांगन, सुशिला जांगड़े, प्रवीण नेताम, तिर्थशंकर यादव, रेवा मंडल, सरिता नेताम सहीत सभी संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।

## दिल्ली के न्याय आंदोलन में शामिल हुईं कांग्रेस की प्रेमशिला नायक



**मुड़पार/सरसीवां।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के आह्वान पर प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष फूलों देवी नेताम के नेतृत्व में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करने, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में दिल्ली संसद घेराव के कार्यक्रम में प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष प्रेमशिला नायक शामिल हुईं। उन्होने कहा जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है, तब से महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया है न ही बीजेपी सरकार 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर रही है और ना ही महिलाओं को सुरक्षा दे पा रही है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। ज्ञात हो की भारी संख्या में महिलाएं दिल्ली में इस कार्यक्रम में शामिल हुई थीं।

## पेज 11 के शेष

### सांसद अनुराग ठाकुर...

नेताम, मंडी अध्यक्ष मोहन पटेल,युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम बाजपेयी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला अध्यक्ष जगदीश अजगले, राकेश पटेल, राकेश जाटवर, युवा नेता विनोद भारद्वाज, शंकर चौहान, दुर्गेश अजय, दुर्गेश पटेल, हर्ष यादव, मस्तराम निराला किशोर, शिवनिषाद, धनेश भारद्वाज, विशाल आनंद, आशीष नंदे, विक्कू मालाकार, सागर दीवान, बाबू स्वर्णकार, महेंद्र थवाईत, चारु शर्मा, रामसिंह ठाकुर, प्रियान्शु शर्मा, बाबू यादव, मुकेश साहू, विजय सिदार, नागेश महंत, मयंक पटेल, योगेश सोनवानी आदि सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ में ट्रेन ....

जिससे 4 से 10 अगस्त तक 72 ट्रेने प्रभावित रहेगी। रेलवे का यह कदम बेहद गैरजिम्मेदाराना और दुर्भाग्य पूर्ण है। ऐसे समय जब रक्षाबंधन का त्योहार, छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्योहार हरेली है। इस अवधि में बड़ी सख्या में ट्रेनों को रद्द करना यात्रियों पर अत्याचार है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से यात्री ट्रेनों के नियमित चालन व यात्री सुविधाओं में मिलने वाली रियायत को बहाल किया जाने तथा रेलवे के निजीकरण पर तत्काल विराम लगाने की मांग की है।

### रोहांसी सड़क के...

रोहासी मुख्य मार्ग की हालत किसी के मौत या बुरी तरह घायल होने का सबब बन सकता है। ऐसी कोई अप्रिय घटना न हो ग्रामीणों ने तत्काल सड़क मरम्मत की मांग शासन प्रशासन से की है।

### अधुरे निर्माण पर ...

समझाईश दी। तत्पश्चात जनपद अध्यक्ष ने अस्पताल परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया। उन्होंने स्वास्थ तन, मन और जीवन के लिए सभी को पौधारोपण की अपील तथा उसके पेड़ बनने तक उचित देखरेख करे। इस अवसर पर सरपंच लेथूराम रात्रे, जनपद सदस्य भूपेंद्र साहू, सचिव सोमकुमार साहू, रसूल बेग सहित जीवन दीप सभा के सदस्य एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### क्षेत्र में डायरिया...

जागरूकता से निश्चित तौर पर बीमारियों की रोकथाम होने में मदद मिलेगी। अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास के अधिकारियों ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम अन्य ग्रामों में भी आयोजित किया जाएगा तथा स्कूलों में वाटर फिल्टर तथा फिनायल प्रदान किया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर ओआरएस भी प्रदान किए जाएंगे।

## प्रधानपाठक ने संकुल के स्कूलों में कराया न्योता भोज



**कसडोल।** प्राथमिक शाला परसदा के प्रधान पाठक एस पी साहू द्वारा अपने जन्मदिन पर संकुल परसदा के सभी स्कूलों में न्योता भोज कराया गया। 31 जुलाई को साहू जी 62 वर्ष पूर्ण किये। इस अवसर पर शासन की महत्वकांक्षी योजना न्योता भोज को सफलीभूत करते हुए नंदनिया, परसदा, ठाकुरदिया, मौहभटा और पैरागुड़ा के 5 प्राथमिक शाला और 2 मिडिल स्कूल के बच्चों को खीर , पूरी और केला का वितरण किया। सभी बच्चे न्योता भोज पाकर खुश हुए और साहूजी को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, पालक गण भी उपस्थित रहे।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 89595-44444

# मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा मुड़पार का प्राथमिक स्कूल, जर्जर भवन को ढहाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार/सरसींवां

छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को लेकर करोड़ों अरबों रुपए फूंक रही हैं, इसके बावजूद बिलाईगढ़ ब्लॉक के दर्जन स्कूलों में आज भी अव्यवस्था का आलम है। इसी अव्यवस्था के बीच बच्चे अपने भविष्य को गढ़ने आते हैं। सरकार ने जिला निर्माण कर दिया है, लेकिन समस्याएं यथावत है। मुड़पार स्थित शासकीय विद्यालय सारंगढ़ जिला से महज 18 किमी की दूरी पर स्थित है। शासकीय प्राथमिक विद्यालय मुड़पार (सरसींवां) में कोई सुविधा ही नहीं है। बिना किचन शेड, शौचालय व्यवस्था और जर्जर जानलेवा आंगन बाड़ी भवन के बीच 16 जून से स्कूल संचालित है। इन समस्यों को लेकर ग्रामीण और शाला प्रबंधन समिति ने कई बार शिक्षा विभाग और पंचायत विभाग को पत्रचार किया, लेकिन आज पर्यंत कुछ असर नहीं हुआ। इस असुविधा युक्त शाला में प्राथमिक, मिडिल स्कूल के सैंकड़ों बच्चे पढ़ने और 7-8 टीचर्स पढ़ाने आते हैं। इसी सुविधाविहीन शाला में विद्यार्थी व शिक्षक शिक्षिकाएं सुबह साढ़े नौ बजे से 5 बजे तक 8 घंटे रहते हैं। प्रसाधन व्यवस्था नहीं होने से प्रबंधन को परेशानियों का सामना करन पड़ रहा है। शासन प्रशासन ने 16 जून के पहले ही शाला प्रवेश उत्सव मनाने निर्देश दिए थे, यहां असुविधाओं के बीच बड़े शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय में स्थित किचन शेड है, जो पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। बारिश का समय है रसोइया को बच्चों के लिए खुले में बाहर ही खाना बनाना पड़ता है। शाला परिसर में जर्जर हालत में आंगन बाड़ी भवन जो कभी भी भरभरा कर गिर सकता है।

## बच्चों के लिए न तो शौचालय है और न ही मध्यान्ह भोजन के लिए कीचन शेड

### अलग- अलग शौचालय निर्माण कराया जाए

यह पंचायत और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी को नहीं दिखता। ग्रामीणों की मांग है कि इस जर्जर भवन को ढहा दिया जाए ताकि कभी अनहोनी न हो। अभिभावकों ने शाला परिसर में टीचर्स और विद्यार्थियों के लिए अलग अलग शौचालय निर्माण कराया जाने, वहीं नवीन किचन शेड का निर्माण जल्द कराए जाने की मांग की है।



### उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया

इस संदर्भ में ग्राम पंचायत मुड़पार के सरपंच पवन कुमार साहू ने बताया कि शाला में समास्यों के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। जैसे ही फंड की स्वीकृति मिलती है सब ठीक करा दिया जाएगा। इस विषय में बिलाईगढ़ के बीआरसीसी एमआर साहू ने बताया की मैं सोमवार को देखता हूं कि प्रधानपाठक ने शौचालय निर्माण के लिए डिमांड पत्र भेजे हैं या नहीं। किचन शेड के संबंध में जानकारी दी की मुड़पार के दोनों स्कूलों में किचन शेड मरम्मत के लिए 10–10 हजार रुपए शासन से मिले हैं जो जल्द ही राशि दे दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर घर–घर हुई पार्थिव शिवलिंग की विशेष पूजा



**खरोरा।** श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा आयोजित लाइव महाशिवरात्रि पार्थिव शिवलिंग पूजन में घर-घर शिव भक्त सम्मिलित होकर पार्थिव शिवलिंग की विशेष पूजा अर्चना की गई।

### एकलव्य विद्यालय के लिए 3 छात्रों का चयन





**कसडोल।** एकलव्य विद्यालय सोनाखान के लिए शासकीय प्राथमिक शाला नंदनिया से इस बार 3 छात्रों का चयन हुआ। प्रधानपाठक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि इस वर्ष एकलव्य विद्यालय के लिए 8 छात्र लिखित परीक्षा में शामिल हुए थे। जिससे से तीन छात्रों का चयन हुआ।



विदित हो कि सोनाखान एकलव्य विद्यालय के लिए बलौदाबाजार जिले से लगभग 450 छात्रों ने परीक्षा दी थी।जिसमें 30 बालक और 30 बालिका का चयन किया जाना था। प्राथमिक शाला नंदनिया से डेमन सिंह पैकरा, कमलनारायण पैकरा और साक्षी पैकरा का चयन हुआ। चयन होने पर नोडल प्राचार्य मनमोहन साय सजेस बोरसी, संकुल परसदा के समन्वयक सम्मेलाल साहू, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रधान पाठक वर्मा, शिक्षक लोकनाथ बरिहा, रामधनी पैकरा एवं संकुल के शिक्षकगण ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

### पार्थिव शिवलिंग बना कर की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** सावन मास की शिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को समीपस्थ ग्राम खरोरा में महिलाओं ने पार्थिव शिवलिंग की पूजा अर्चना की। इस दौरान भारती चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि हिंदू धर्म में पार्थिव शिवलिंग की पूजा विशेष महत्व है।

## आंबा केंद्रों के 51364 और स्कूलों के 8866 बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

# स्कूल व आंबा केन्द्रों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण में जुटी चिरायु टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

जिले के समस्त सात चिरायु टीम अपने दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम समस्त स्कूलों में कर रही है। अप्रैल से सितंबर तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रथम बार और अक्टूबर से मार्च तक द्वितीय बार स्वास्थ्य परीक्षण करती है। अभी लगभग सभी टीमों ने आंगनबाड़ी केंद्रों का प्रथम भ्रमण पूरा कर लिया है। इसके साथ ही अप्रैल से मार्च तक पूरे सत्र में एक बार स्कूलों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करती है, जो लगातार जारी है।

इस सत्र अप्रैल से जुलाई तक जिलेभर के कुल आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या 1114 में कुल दर्ज बच्चे 56632 में से 51364 बच्चों की जांच हुई है। इसी तरह जिले में कुल स्कूलों की संख्या 1389 जिनमें दर्ज बच्चे 86059 में से 8866 बच्चों का स्वास्थ्य जांच टीम ने किया है। आंगनबाड़ी व स्कूल सभी के जांचोपरांत कैटेगरी ए के तहत 16 बच्चे चिन्हांकन के पश्चात 6 बच्चों का इलाज हुआ है, कैटेगरी बी के तहत 1059 बच्चों के चिन्हांकन होकर 1052 बच्चों का इलाज हुआ है, कैटेगरी सी के तहत 936 बच्चों के चिन्हांकन के बाद 930 बच्चों का इलाज पूर्ण तथा कैटेगरी डी के अंतर्गत 2558 बच्चों के चिन्हांकन पर 2550 बच्चों का इलाज हो पाया है। कुल 31 बच्चों का इलाज अभी लम्बित है, जिन्हें इलाज हेतु अपने स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा प्रेरित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला के मार्गदर्शन में सभी चिरायु टीम अपने रुट प्लान के तहत पूरी शिद्दत से यह कार्य कर रही है। सामान्य व जटिल बीमारियों से ग्रसित चिन्हित बच्चों का इलाज भी टीम अपने अधीनस्थ व अधिकृत अस्पतालों में करवाती है।

स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही साथ स्वास्थ्य शिक्षा भी टीम द्वारा उपस्थित बच्चों को दिया जाता है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रभुदयाल खरे ने जानकारी दी कि जिले में सात चिरायु टीम कार्यरत हैं, जिनके द्वारा अपने टारगेट के अनुसार सारे स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों को कवर–अप किया जाता है। गम्भीर व जन्मजात रोगों के इलाज की व्यवस्था भी राज्य स्तर व राज्य के बाहर होने की सुविधा भी चिरायु टीम के माध्यम से होता है।



### परिजनों व शिक्षकों के समक्ष स्वास्थ्य पर चर्चा परिचर्चा करेंगे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला ने बताया आगामी 6 अगस्त को पैरेंट्स टीचर मीटिंग का महाअभियान स्कूलों में होना है, इसमें सभी टीम अपने प्लान के मुताबिक जाकर बच्चों, परिजनों व शिक्षकों के समक्ष स्वास्थ्य पर चर्चा परिचर्चा का आयोजन करेंगे। समुदाय में फैलने वाले मौसमी बीमारियों की पहचान व बचाव के तरीके के बारे में स्वास्थ्य विभाग के मोबाइल टीम द्वारा जनजागरूकता किया जाएगा।

### जनजागरुकता से होगा कई बीमारियों से बचाव

जनजागरुकता से कई प्रकार के बीमारियों से बचा जा सकता है, इस हेतु जिले की चिरायु टीम बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके, तम्बाकू के दुष्प्रभाव, विटामिन ए की कमी हेतु – चल रहे शिशु संरक्षण माह में विटामीन ए घोल पिलाना, एनीमिया, बेटियों को माहवारी शिक्षा, जन्मजात विकृति व उनके इलाज, सिकल सेल प्रबंधन जांच व इलाज, कुष्ठ की पहचान व ईलाज, टी बी के लक्षण, पहचान व इलाज, फाइलेरिया की पहचान व बचाव, दृष्टि दोष के बारे में जानकारी,पहचान व ईलाज, आयरन व कृमि गोली के फायदे, मौसमी बीमारियों से बचने के तरीके, खान–पान के तरीके, स्टॉप डायरिया कैम्पेन पहचान, बचाव व इलाज आदि के बारे में विस्तृत चर्चा अपने दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम संबंधित स्कूलों में करती है।

# न्योता भोज का बच्चों ने उठाया लुफ्त



**हिरमी–रावन।** शासकीय प्राथमिक शाला नेवारी में शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष ललित साहू द्वारा न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन अपनी पुत्री चंचल साहू के जन्म दिवस पर किया गया। इसमें संस्था प्रमुख पीआर निषाद, आर वर्मा, जेके पटेल, रोहिताम जंघेल, सरपंच अनिता साहू, पुनम शिवचरण साहू, द्रोपती बाई साहू, ग्रामीण लेमन साहू, डॉ. झाली राम साहू एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बसपा ने किया युवा संकल्प समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोपालपुर

नगर पंचायत नवागढ़ जिला जांजगीर- चांपा के सांस्कृतिक भवन में बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ के केंद्रीय स्टेट कोआर्डिनेटर व प्रदेश प्रभारी दाऊराम रत्नाकर पूर्व विधायक पामगढ़ के मुख्य आतिथ्य में बहुजन युवा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। इसमें रत्नाकर ने संतों गुरुओं महापुरुषों ने सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले ने 21 वर्ष की आयु में, राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले ने 17 वर्ष की आयु में, राजश्री छत्रपति शाहूजी महाराज ने 18 वर्ष की आयु में, बिरसा मुंडा 20 वर्ष की आयु में, कांशीराम साहब ने 30 वर्ष की आयु में, मायावती ने 23 वर्ष की आयु में और दाऊराम रत्नाकर ने 22 वर्ष की आयु में संघर्ष करने प्रारंभ किया। सभी युवा पीढ़ी से शुरू कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सम्पूर्ण जीवन लगा दिये। जब कांशीराम साहब ने 1978 बामसेफ, 1981 डीएस4, 1984 बहुजन समाज पार्टी का निर्माण किया तो भारत के लाखों की संख्या में युवा जुड़े।

# जिला अध्यक्ष की नियुक्ति में जुटी जिला भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

भाजपा प्रदेश में संगठन को सशक्त करने के उद्देश्य से जिला इकाई गठन की तैयारी में जुटी है। पार्टी संगठन ने जिला स्तर पर नए जिला अध्यक्ष से लेकर मंडल की कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया को तीव्रता से आगे बढ़ाया है।

इस दिशा में संगठन ने योग्य और समर्पित कार्यकर्ताओं की पहचान करना शुरू कर दी है। सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिला अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है और यहां की दोनों विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेतृत्व परिवर्तन की मांग उठाई। कई नेताओं ने सुझाव दिया कि इस जिले में अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए, ताकि पार्टी इस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर सके। पार्टी के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में भी यह स्पष्ट किया गया कि आगामी नगर पंचायत और पंचायत चुनावों में जीत हासिल करना पार्टी का प्रमुख उद्देश्य है। इसी कड़ी में पार्टी ने कार्यकर्ताओं को पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। तो प्रमुख दावेदार के रूप में जिला भाजपा युवा नेता खूबचंद की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है। खूबचंद ने सारंगढ़ और बिलाईगढ़ दोनों विधानसभा चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाई है और सभी वरिष्ठ नेताओं से उनके अच्छे संबंध है। उनका कार्य करने का तरीका और आचरण युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यदि भारतीय जनता पार्टी खूबचंद मिरी को सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले का नया अध्यक्ष नियुक्त करती है, तो यह पार्टी के लिए एक उपयुक्त और प्रभावी निर्णय होगा।

# लैब डिजिटल क्लास संचालन के लिए प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

समग्र शिक्षा के अंतर्गत डीजी दुनिया, आईसीटी योजना के तहत ट्रेनिंग सेंटर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में 3 से 24 अगस्त तक साप्ताहिक, प्रत्येक शनिवार को कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें डिजिटल क्लास को संचालित कराए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। जैसे ओपीएमएस पोर्टल से लैब डिजिटल क्लास संचालन की एंट्री करना, प्रोजेक्टर से लर्निंग मटेरियल एलएमएस के माध्यम से डिजिटल क्लास का उपयोग करना, टीचर्स शिक्षक आईडी का निर्माण करना, ऐसे अनेक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में कौशल जानकारी के लिए प्री असेसमेंट एवं पोस्ट असेसमेंट परीक्षा भी ऑनलाइन ली गई। इस प्रशिक्षण में शासकीय हाई स्कूल भड़हा, घिवरा, कठिया नंबर 1, अड़सेना, मुरा, हायर सेकंडरी से भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा, मोहरेंगा, मढ़ी, खौना, गनियारी, असौंदा, बेल्दारसिवनी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके अंतर्गत 3 अगस्त को भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा, असौंदा, मुरा, कठिया नंबर 1, विद्यालय प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। अन्य विद्यालय अनुपस्थित रहें। उक्त प्रशिक्षण का आईसीटी प्रोजेक्ट जिला रायपुर समन्वयक ढाकेंद्र कुमार और कार्यशाला का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर अमर बर्मन द्वारा दिया जा रहा हैं।



# प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों ने लिया स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

विकासखंड स्तरीय 5 दिवसीय स्पोकन इंग्लिश कार्यशाला के समापन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलके जाहिरे एवं विकासखंड श्रोत केंद्र समन्वयक संतोष शर्मा द्वारा प्रतिभागियों के रूप में उपस्थित प्राथमिक शाला के शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

समस्त प्रतिभागियों ने स्पोकन इंग्लिश कार्यशाला में कार्यविधियों द्वारा अंग्रेजी बोलने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया। इस कार्यशाला की महत्वपूर्ण बात यह रही की सभी प्रतिभागियों ने यह माना की जिन कार्यविधियों का प्रयोग इस कार्यशाला में किया गया, इससे सभी में अंग्रेजी बोलने का डर काफी कम हुआ। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को विभिन्न कार्यविधियों द्वारा अंग्रेजी बोलने का अभ्यास कराया गया। इन कार्यविधियों का उपयोग सभी प्रतिभागी करें इसका विशेष ध्यान रखा गया। गतिविधियों में अपने पसंदीदा, फोटो, व्यंजन, वाद विवाद, अपनी जीवन की रोचक बातें, नाटक, गायन आदि अंग्रेजी भाषा में सभी प्रतिभागियों को सम्मिलित करते हुए किया गया। इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के रूप में आराधना ठाकुर, विनोद कुमार शुक्ला, अंकिता बाजपेई, दीक्षित एवं ढालेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से बताए गए विभिन्न कार्यविधियों द्वारा शिक्षक अपने अपने स्कूल के विद्यार्थियों में अंग्रेजी बोलने के डर को खत्म करने का प्रयास करेंगे।




# शिक्षकों ने जाना अंग्रेजी का भय कैसे दूर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर व डाइट के मार्गदर्शन में प्रत्येक शासकीय शालाओं के एक एक शिक्षकों का पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश क्लास का प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। इसी क्रम में वि का स खं ड सिमगा के प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश क्लास का प्रशिक्षण बीआरसी भवन सिमगा, स्वामी आत्मानंद स्कूल व टीएलसी सेंटर में आयोजित की गई।

- पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश क्लास प्रशिक्षण में शामिल हुए शिक्षकगण



इसके समापन सत्र में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस के गेंदले, एबीईओ राकेश सिंह, एबीईओ व बीआरसीसी डी एस ठाकुर उपस्थित रहें। प्रशिक्षण की खासियत रही कि मास्टर ट्रेनर व सभी शिक्षक प्रतिभागी हरे रंग के ड्रेस कोड में नजर आए। हरा रंग समृद्धि व विकास का प्रतीक है। प्रतिभागी शिक्षकों का मानना है कि अंग्रेजी प्रशिक्षण से हमारे मन में अंग्रेजी भाषा की प्रति जो डर और झिझक था वह दूर हो गया और निश्चित रुप से हम अपने शालाओं में अपने बच्चों के साथ अंग्रेजी भाषा संबंधी गतिविधियों को बेहतर तौर पर करा सकने में सक्षम हुए है । विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस के गेंदले ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषा के माध्यम से अभिव्यक्ति कौशल के विकास का क्रियान्वयन होना ही प्रशिक्षण की सफलता तय करेगा और इसकी मॉनीटरिंग भी की जाएगी। भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है चाहे वह मातृभाषा हो या फिर अंतर्राष्ट्रीय भाषा हो। वहीं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी एस ठाकुर ने कहा कि हर प्रशिक्षण हमें बहुत कुछ सिखाता है और यह हमें हमेशा अपडेट रखता है। आधुनिक शिक्षा तकनीक आधारित होते जा रहा है। मास मीडिया की अहम भूमिका होते जा रही है। अंग्रेजी संपर्क का उचित माध्यम बन गया हैं। बच्चों को पहले अंग्रेजी में इंट्रोडक्शन सिखाए तथा सरल वाक्य के प्रयोग से अंग्रेजी का डर भगाना होगा। एबीईओ राकेश सिंह ने कहा कि पहले हेजीटेशन को छोड़िए और अंग्रेजी में वार्तालाप कीजिए। हमारे विद्यार्थी बहु भाषा शिक्षण के उद्देश्य को पूरा करते दिखेंगे। मास्टर ट्रेनर प्रकाश कुंभकार, शिखा श्रीवास्तव, अतुल जी, जसविन कवल दास, अरुणिका सिंह, रितु त्रिपाठी, निखत परवीन व शकुंतला साहू ने विविध ग्रुप एक्टिविटीज के माध्यम से शिक्षकों को गतिविधि कराया।

